SUNDAY | 22.02.2026 | फाल्गुन शुक्ल-पंचमी विक्रम संवत-2082

उत्तर प्रदेश

# अमर उजाला

महानगर • वर्ष 58 । अंक 36 । पृष्ठ : 22+4 । मूल्य : सात रुपये

बरेली

• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

**PAGE NO. 8: BOTTOM**

प्रतियोगिता

टूर्नामेंट के सभी लीग मैच जीतने के साथ फाइनल में भी अपराजेय रही टीम

# ऑलराउंडर आदित्य ने सीईटी को दिलाई जीत

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में 17 फरवरी से 20 फरवरी के बीच एसआरएमएस ट्रस्ट इंस्टीट्यूशंस रनिंग क्रिकेट कप 2026 सीजन 3 खेला गया। इसमें शनिवार को एसआरएमएस सीईटी (कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) व एसआरएमएस आईपीएस (इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल) की टीम के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया। ऑलराउंडर आदित्य के प्रदर्शन से एसआरएमएस सीईटी ने विजेता का तमगा हासिल किया।

आईपीएस की टीम ने 14.2 ओवर में 90 रन बनाए। सीईटी ने 18 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाकर आसानी से जीत हासिल कर ली। फाइनल मैच में सीईटी के ऑलराउंडर आदित्य सक्सेना ने 23 गेंदों पर 23 रन बनाने के साथ 10 रन देकर दो विकेट भी हासिल किए। आदित्य को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

आईएमएस के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, आईपीएस की प्रिंसिपल डॉ. जसप्रीत कौर व सीईटी की वाइस प्रिंसिपल डॉ. ऋतु सिंह और सीईटीआर के डीन डॉ. शैलेश सक्सेना ने सीईटी के कप्तान आदित्य मौर्य को चैंपियन ट्रॉफी प्रदान की। इसके साथ ही आदित्य सक्सेना को फाइनल मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट में ऑलराउंड प्रदर्शन करने के लिए मैन ऑफ द टूर्नामेंट की ट्रॉफी प्रदान की गई। सीईटी के ही सूर्य प्रताप सिंह को बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति, सीईटी के प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने विजेता टीम को बधाई दी।

विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथि। स्रोत: कॉलेज